प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

28.02.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00 बजे

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान के अजमेर में 14 वर्ष तक की आयु वाली बालिकाओं के लिए हयूमन पैपिलोमा वायरस–एच.पी.वी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया। इस पहल का उद्देश्य सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम करना है, जो महिलाओं में कैंसर से संबंधित रूग्णता के प्रमुख कारणों में से एक है। इस अभियान की औपचारिक शुरुआत पांच बालिकाओं को एचपीवी का टीका लगाकर की गई। प्रधानमंत्री ने कहा कि एचपीवी टीकाकरण अभियान इसी दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि यह अभियान देश की नारी शक्ति को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

नई दिल्ली में हाल ही में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट में कांग्रेस के अनुशासनहीन व्यवहार और विरोध प्रदर्शन पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरे देश को इतने भव्य आयोजन पर गर्व है, लेकिन लगातार चुनावी हार से हताश और निराश कांग्रेस ने अंतरराष्ट्रीय मेहमानों के सामने देश को बदनाम करने की कोशिश की।

मुख्यमंत्री

इधर शिमला के आईजीएमसी में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सर्वाइकल कैंसर के विरूद्ध राज्यस्तरीय एच.पी.वी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि ये अभियान प्रदेश भर में चलाया जाएगा ताकि सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम हो सकें।

किरेन रिजिजू

केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि हिमाचल के जनजातीय क्षेत्रों के विकास के लिए केंद्र सरकार ने अनेक विकास योजनाएं स्वीकृत की हैं और इन योजनाओं को ज़मीनी स्तर पर लागू किया जाएगा। वे आज सुबह कांगड़ा के गग्गल हवाई अड्डे पर पहुंचे और वहां से चंबा जिले के लिए रवाना हुए। किरेन रिजिजू इस समय चंबा ज़िले में अनेक विकास योजनाओं की शुरूआत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि चंबा जिले में विकास कार्यों को गति दी जाएगी और जनजातीय व दुर्गम क्षेत्रों का विकास केंद्र सरकार की प्राथमिकता है।

रणधीर शर्मा

प्रदेश भाजपा मीडिया प्रभारी व विधायक रणधीर शर्मा ने कहा है कि नई दिल्ली में ए.आई समिट के दौरान युवा कांग्रेस के प्रदर्शन में हिमाचल के मुख्यमंत्री कार्यालय की भूमिका रही है। शिमला

में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के कहने पर ही प्रदर्शन के आरोपी कार्यकर्ताओं को शिमला जिले के चिड़गांव में ठहराया गया और मुख्यमंत्री कार्यालय के निर्देश पर ही शिमला पुलिस ने आरोपियों को ले जा रही दिल्ली पुलिस को रोका। रणधीर शर्मा ने इस घटना में मुख्यमंत्री कार्यालय की भूमिका की जांच की मांग की है।

हर्षवर्धन

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने आज सोलन नगर निगम क्षेत्र का दौरा कर अनेक विकास कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने उन 28 पेड़ों का निरीक्षण भी किया, जिन्हें काटने को लेकर राज्य सरकार से अनुमति मांगी गई है। हर्षवर्धन चौहान ने बताया कि ये पेड़ निजी व सरकारी भूमि पर हैं और विकास कार्यों को लेकर इन पेड़ों को काटने के लिए नगर निगम में अनुमति मांगी है। उद्योग मंत्री ने कहा कि बद्दी–बरोटीवाला नालागढ़ औद्योगिक क्षेत्र में सड़कों की दशा सुधारी जाएगी।

राजीव बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने राज्य सरकार पर विकास कार्य ठप्प करवाने और खनन, वन व चिट्टा माफिया को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। धर्मशाला में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन का नारा देकर सत्ता में आई कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में शिक्षा विभाग का पतन हो गया है। बिंदल ने कहा कि राज्य सरकार ने सैंकड़ों स्कूलों को बंद कर दिया है और अनेक स्कूलों को मर्ज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में प्रदेश में वन, खनन व चिट्टा माफिया सक्रिय है और हर रोज आपराधिक घटनाएं हो रही है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस सरकार एंट्री टैक्स लगा रही है और पंजाब व हरियाणा ने भी ये टैक्स लगाया तो हिमाचल की जनता को भारी नुकसान झेलना पड़ेगा।